डॉ० निधि पाण्डेय, भा.प्र.से.
संयुक्त सचिव
Dr. Nidhi Pandey, IAS
Joint Secretary

भारत सरकार
राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय
नई दिल्ली – 110001
GOVERNMENT OF INDIA
DEPARTMRNT OF OFFICIAL LANGUAGE
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
NEW DELHI - 110001

अ.शा. पत्र सं. 12016/06/2026-रा.भा.(का.2) दिनांक: 16 जून, 2026

महोदय / महोदया,

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा हिंदी दिवस-2026 तथा छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का संयुक्त आयोजन माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार श्री अमित शाह जी की अध्यक्षता में अत्यंत भव्य एवं गरिमामयी स्वरुप में मुंबई (महाराष्ट्र) में किया जाना है। यह सम्मिलित आयोजन **14-15 सितम्बर, 2026 को सिडको एग्जीबिशन सेंटर, नवी मुंबई, महाराष्ट्र** में होगा।

2. उल्लेखनीय है कि इस वर्ष हिंदी पखवाड़ा/सप्ताह का आरंभ मुंबई में आयोजित होने वाले सम्मेलन से किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत निर्देश दिनांक 11 जून, 2026 के पत्र द्वारा जारी किए गए हैं। (प्रति संलग्न है)

3. वर्तमान में पूरे देश में कुल 587 नराकास कार्यरत हैं। सभी नराकासों के अध्यक्षों से अनुरोध है कि उक्त सम्मेलन में अपनी तथा सदस्य सचिवों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करें। यह भी अपेक्षित है कि अधीनस्थ नराकासों के प्रत्येक सदस्य कार्यालयों से न्यूनतम 02 अधिकारियों/कर्मचारियों की सहभागिता भी सुनिश्चित करवाई जाए। सम्मेलन में शामिल होने के लिए विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.gov.in पर पंजीकरण करना अनिवार्य होगा।

शुभेच्छु,

(डॉ. निधि पाण्डेय)

प्रति-

सभी नराकासों के अध्यक्ष

एनडीसीसी–II भवन, चतुर्थ तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली–110001.
NDCC-II Building, 4th Floor, Jai Singh Road, New Delhi-110001
टेलीफैक्स (का.) / Telefax (O) : 011-23438130 ई–मेल / E-mail : jsol@nic.in